मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-56
16/02/2022

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की

मुख्य बिन्दु–

- लोग बिजली का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं करें।
- बिजली की चोरी रोकने एवं इसका दुरुपयोग कम करने के लिए प्रभावी कदम उठायें।
- प्रीपेड मीटर लगाने का काम तेजी से करें।
- हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए ऊर्जा विभाग की संरचनाओं का और विस्तार करें।
- सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें।

पटना, 16 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की।

बैठक में ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री संजीव हंस ने बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति एवं प्रस्तावित सुधार को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति, प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग एवं ऊर्जा लेखांकन, ऊर्जा के दुरुपयोग एवं चोरी पर प्रभावी नियंत्रण, संरचना का सुदृढीकरण एवं आधुनिकीकरण तथा हर खेत तक सिंचाई का पानी के लिए संरचना विस्तार एवं विद्युत संबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। लोग बिजली का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं करें। उन्होंने कहा कि बिजली की चोरी रोकने एवं इसका दुरुपयोग कम करने के लिए प्रभावी कदम उठायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रीपेड मीटर लगाने का काम तेजी से करें। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए ऊर्जा विभाग की संरचनाओं का और विस्तार करें। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें।

बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, सामान्य प्रशासन सह वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री एस0 सिद्धार्थ, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******